# नगर निगम, शाहजहाँपुर।

## प्रेस विज्ञप्ति

### दिनांक 14.10.2020

- **मा0 मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा एवं मा0 मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना जी के दिशा निर्देश में आगामी त्यौहारो के दृष्टिगत दिनांक 10.10.2020 से 16.10.2020 तक चलाया जा रहा है स्वच्छता अभियान।**
- **अभियान के अन्तर्गत पुलिस लाईन के सामने विशेष सफाई तथा नगर के सभी सामुदायिक, सार्वजनिक तथा पिंक शौचालय की सफाई कराई गई।**
- **नगर आयुक्त महोदय द्वारा शाहजहाँपुर को स्वस्थ, सम्पन्न, सचल, सतत सकिय बनाने की अपील की गई।**

मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में शाहजहाँपुर नगर में सफाई की समुचित व्यवस्था, नाले/ नालियो की सफाई,शुद्ध पेयजल की व्यवस्था,खुले में शौच मुक्ति,जल निकासी की समुचित व्यवस्था ,दवा छिड़काव, विशेष प्रचार–प्रसार अभियान तथा कोविड–19 के दृष्टिगत घोषित कन्टेनमेन्ट जोन विशेष सेनेटाईजेशन के साथ–साथ सड़को को गढ्ढामुक्त भी किया जाना है। इस अभियान के अन्तर्गत मास्क न पहने,गंदगी फैलाने एवं सार्वजनिक स्थलो पर थूकने, आदि के संबध में चालान काटने एवं उन पर जुर्माना लगाने की कार्यवाही की जा रही है। नगर आयुक्त महोदय की देख–रेख में अभियान के अन्तर्गत पुलिस लाईन के सामने विशेष सफाई तथा नगर के सभी सामुदायिक, सार्वजनिक तथा पिंक शौचालय की सफाई कराई गई। इसके अतिरिक्त आज दिनांक 14.10.2020 को चिनौर,अन्टा, ककरा खुर्द,रंगमहला,रौजा नोटिफायड आदर्शनगर में सफाई का कार्य एवं कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव कराया गया। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा आज दिनांक 13.10.2020 को ध्वनि विस्तारण के माध्यम से नियिमत रूप से हाथ धोने,मास्क लगाने,दो गज की दूरी रखने तथा संक्रमण के बचाव का उपाय बताते हुये लोगो को जागरूक किया जा रहा, नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार कन्टेनमेन्ट जोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ प्रतिदिन साफ–सफाई, सेनेटाईजेशन, फागिंग, कीटनाशक का छिड़काव एवं कूड़े निस्तारण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय ने निर्देशित किया कि खाली प्लाटो पड़े पर कूड़े को साफ कराया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बिना किसी कार्य के बाहर न निकले, मास्क का प्रयोग करने, अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु अपील किया गया। सार्वजनिक स्थानो पर गंदगी करने,थकने,मास्क न पहने आदि पर जुर्माना लगाने एवं चालान करने निर्देश दिया गया है।.

नगर आयुक्त महोदय द्वारा शाहजहाँपुर को स्वस्थ, सम्पन्न, सचल, सतत सक्रिय बनाने की अपील की गई। स्वस्थ शाहजहाँपुर के निर्माण के लिये नगर निगम द्वारा नियमित रूप से सफाई कराते हुये स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के साथ–साथ शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करते हुये हरा–भरा करने के लिये विशेष प्रयास किये जा रहे है। नगर निगम की सम्पत्तियो के उचित रख–रखाव करते हुये उसे आय परक बनाये जाना तथा नगर निगम क्षेत्र में स्थित सभी व्यक्तिगत सम्पत्तियो का सर्वे उपरान्त उन्हे कराच्छादित करते हुये नगर निगम को सम्पन्न बनाने की दिशा में कार्यवाही की जा रही है। शहर को अतिक्रमण मुक्त कराते हुये सुगम यातायात सुलभ कराया जा रहा है। नगर के पथ विकेताओ को चिन्हित एवं पंजीकृत उन्हे सम्मानजनक रूप से व्यवसाय करने के लिये वेडिंग जोन बनाये जा रहे है। शहर को सुन्दर एवं आकर्षक बनाने के लिये शहर के विभिन्न चौराहो का सौन्दर्यीकरण किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा सुभाष चौराहा,अग्रसेन चौराहा,सुभाष टावर, मालखाना चौराहा, छाया कुऑ, तथा त्रिमूर्ति कवि चौराहा का सौन्दर्यीकरण कराया जा चुका है। शहीद उद्यान का सौदर्न्यीकरण एवं महाराणा प्रताप चौक तथा अवन्ती बाई लोधी पार्क का निर्माण प्रगति पर है। नगर को और आकर्षक बनाये जाने के लिये नगर के विभिन्न स्थलो को चिन्हित किया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नागरिको से अपने शहर को स्वस्थ, सम्पन्न, सचल, सतत सक्रिय बनाने में नगर निगम का सहयोग करने की अपील की गई ।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर

Generated by CamScanner